प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का परीक्षा परिणाम घोषित : दिसंबर के तीसरे सप्ताह में प्रमाणपत्रों की जांच और जनवरी के तीसरे सप्ताह में होगा फिटनेस टेस्ट।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन के उत्तर प्रदेश–पार्टनरशिप कॉन्क्लेव को किया संबोधित : कहा– प्राकृतिक खेती से राज्य में आ रहा ह बड़ा बदलाव।
3. वक्फ बिल पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा– समिति ने हर पक्ष की सुनी बात, रिपोर्ट पेश करने की तैयारी पूरी। और
4. राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स किया लॉन्च : 12 से अधिक भाषाओं और दस से अधिक शैलियों में निर्मित कार्यक्रमों का निशुल्क आनंद ले सकेंगे दर्शक।

——————

आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए गए हैं। यह परीक्षा अगस्त माह में संपन्न हुई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह

जानकारी दी। प्रमाण पत्रों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण के लिए योग्य अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जारी कर दी गई है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मेरिट के आधार पर आरक्षण को ध्यान में रखते हुए निर्धारित पदों के मुकाबले ढाई गुना यानी एक लाख 74 हज़ार 316 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए योग्य घोषित किया गया है। यह चयनित अभ्यर्थी अब चयन प्रक्रिया के अगले चरण में अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण के लिए आमंत्रित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि नागरिक पुलिस में आरक्षी के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के लिए आयोजित इस लिखित परीक्षा में समान कट ऑफ अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को अगले चरण की मेरिट में सम्मिलित किया गया है। अभिलेखों की जांच दिसंबर के तीसरे सप्ताह में होगी और शारीरिक दक्षता परीक्षा जनवरी, 2025 के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन द्वारा लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश – पार्टनरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में कई बडो सफलताएं हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर किसानों को प्रोत्साहित करने के प्रयास कर रही है। हालांकि तकनीक के माध्यम से सक्सेस स्टोरी को लोगों तक पहुंचाने से ही उचित परिणाम मिल सकेंगे।

**श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती से बड़ा बदलाव आ रहा है। बाइट.....**

*किसान की उत्पादकता को बढ़ाना, लेकिन उसकी लागत को कम करना एक एकड़ खेती में एक किसान की लागत 12 से 15,000 कम होती है नेचुरल फार्मिंग में लेकिन जितना वह केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग करके एक एकड़ खेती में उत्पादन करता है, लगभग उतना उत्पादन कर सकता है वह नेचुरल फार्मिंग सिंचाई की भी आवश्यकता उसमें कम पड़ती है। केमिकल फ्री है, फर्टिलाइजर फ्री है, पेस्टिसाइड वगैरह की किसी भी उसकी आवश्यकता उसमें नहीं है। और उसके बहुत अच्छे परिणाम हैं, लेकिन इसको अभी लार्ज स्केल में करने के लिए किसानों को उसके लिए तैयार करना है और उसके ट्रेनिंग के कार्यक्रम स्टेट स्तर पर हमारे चल रहे हैं। हम लोग लगातार इसमें प्रयास कर रहे हैं।*

——————————

वर्ष दो हजार दो में गुजरात के गोधरा मे हुई घटना पर बनी बहुचर्चित फिल्म द साबरमती रिपार्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया है। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में यह फिल्म देखी जिसके बाद उन्होंने यह घोषण की। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वास्तविक सच को देश की जनता के सामने लाने का यह प्रयास सराहनीय है।

——————————

केन्द्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लखनऊ में आयोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान और एक जनपद–एक उत्पाद योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में शिरकत की। इस कार्यक्रम में

लाभार्थियों को सर्टिफिकेट और टूलकिट बांटे गए। इस मौके पर श्री मेघवाल ने कहा कि ''विश्वकर्मा श्रम सम्मान'' और ''एक जनपद–एक उत्पाद'' जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को सम्मान मिल रहा है।

————————

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज लखनऊ में दत्तक ग्रहण जागरूकता माह के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 6 वर्ष से 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया का 2015 में ऑनलाइन कर आसान और पारदर्शी बना दिया गया है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण अनाथ बच्चों का पालन पोषण तथा उनके बेहतर भविष्य के लिये काम कर रहा है।

————————

वक्फ बिल को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति की आज दिल्ली में बैठक हुई। समिति को सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। आज की बैठक के बाद आकाशवाणी सामचार से बात करते हुए समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने अल्पसंख्यक समुदाय को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस विषय पर हर पक्ष की बात को सुना गया है। विपक्ष भले ही समिति के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग कर रहा हो, लेकिन वह रिपोर्ट पेश

करने के लिये तैयार है, क्योंकि सभी पक्षों के जवाब आ चुके हैं। बाइट.....

*अभी तक जॉइंट पार्लियामेंटरी कमेटी की 26 बैठकें दिल्ली में हो चुकी हैं और इस 26 बैठकों में तमाम जो माइनाइटिस की ऑर्गेनाइजेशन है, उनसे मिले इस्लामिक स्कॉलर्स से मिले और खुद जो हमारा अल्पसंख्यक मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ माइनाइटी अफेयर्स है, उनकी भी पांच बैठकें हुई हैं। 5 दिन विपक्ष उस पर लगातार दबाव।हम है कि अभी इसको और बढ़ाना चाहिए, लेकिन अब हमें मैंडेट मिला है कि हम विंटर सेशन इसको देंगे, तो हम तो स्पीकर्स आपके मैंडेट के हिसाब से हमने रिपोर्ट्स में काफी तैयारियां पूरी कर ली है।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

गोवा में कल 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। प्रसार भारती के सी.ई.ओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है। बाइट.....

*डिजिटल माध्यम से हमारी ऑडियनसिज़ काफी कुछ कन्टेंट प्राप्त कर रही है, तोये उचित ही है कि प्रसार भारती भी डिजिटल डोमेन में प्रवेश करे और इसके माध्यम से भारत भर में तो लोग रह रहे हैं, उन तक अपना कन्टेंट पहुंचा सके। आने वाले दिनों में भी हमारी यही प्रयास है कि जो हमारी लगेसी है जो हमारी हिस्ट्री है उसको हम लोग और मजबूती से नए डोमेन में भी आगे बढ़ाएं।*

वहीं 28 नवम्बर तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय पैनोरमा, के तहत 25 फीचर फिल्में और 20 गैर–फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। मुख्यधारा सिनेमा की 5 फिल्मों सहित 25 फीचर फिल्मों के पैकेज में 384 समकालीन भारतीय प्रविष्टियों का चयन किया गया है। इसके अलावा, 262 फिल्मों के स्पेक्ट्रम में से चुनी गई 20 गैर–फीचर फिल्में भारतीय पैनोरमा में प्रदर्शित की जाएंगी।

———————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी गयी हैं। परीक्षायें पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी। कक्षा दस की परीक्षायें अट्ठारह मार्च जबकि कक्षा बारह की परीक्षायें चार अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई ने प्रायोगिक परीक्षा के भी कार्यक्रम जारी कर दिये हैं। कक्षा दस के लिये प्रायोगिक परीक्षायें एक जनवरी से जबकि कक्षा बारह के लिये पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी। इस बार छियासी दिन पहले ही सीबीएसई बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम

जारी कर दिये हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज का कहना है कि विद्यार्थियों को दो विषयों की परीक्षा में पर्याप्त अन्तर दिया गया है साथ ही परीक्षा कार्यक्रम तय करते समय प्रतियोगी परीक्षाओं का ध्यान रखा गया है।

———————

अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र में कल देर रात ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी, जिसकी यमुना एक्सप्रेस–वे पर ट्रक से टक्कर हो गइ। हादसे में जान गंवाने वालों में एक महिला, तीन पुरूष और एक बच्चा शामिल है।

———————

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रही 68वीं राष्टीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन 75 किलो फ्रीस्टाइल बालक वर्ग में महाराष्ट्र के अनिल ने उत्तर प्रदेश के सक्षम को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि सक्षम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। इस भार वर्ग में उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, राजस्थान, चंडीगढ़, उड़ीसा कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, दिल्ली , तमिलनाडु और पंजाब के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि विधायक बिपिन सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

(समाप्त)